<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>दिनांक–30.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. **भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार नवंबर को झारखंड में करेंगें चुनावी अभियान की शुरुआत, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह तीन नवंबर को कई सभाओं को करेंगे संबोधित।**

2. **झारखंड में 20 नवंबर को 38 सीटों पर होने वाले दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए 634 उम्मीदवारों ने दाखिल किये नामांकन, आज होगी नामांकन पत्रों की जांच, पहले चरण के लिए नाम वापसी की आज आखिरी तारीख।**

3. **चुनाव आयोग ने देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को पद से हटाने का दिया आदेश।**

4. **सीबीआई ने रिश्वतकांड में झारखंड–बिहार के पूर्व आयकर आयुक्त संतोष कुमार समेत पांच के खिलाफ दायर की चार्जशीट।**

5. **प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवरेज के विस्तार का किया शुभारंभ, 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र वालों का 5 लाख तक का मुफ्त इलाज शुरु।**

**********************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार नवंबर को झारखंड में चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे। पार्टी के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने पत्रकारों को बताया कि श्री मोदी चार नवंबर को गढ़वा और चाईबासा में दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि श्री मोदी से पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन नवंबर को झारखंड में तीन सभाओं को संबोधित करेंगे।

**********************

राज्य में 20 नवंबर को 38 सीटों पर होने वाले दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गयी है। इस चरण के लिए कुल 634 प्रत्याशियों ने अपनी उम्मीदवारी के पर्चे भरे हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि आज नामांकन पत्रों की जांच होगी जबकि एक नवंबर तक प्रत्याशी अपने नाम वापस ले सकेंगे।

**********************

13 नवंबर को 43 निर्वाचन क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिए नामांकन वापस लेने की आज आखिरी तारीख है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि नाम वापसी के बाद स्पष्ट हो जायेगा कि किस विधानसभा सीट से कितने उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

श्री कुमार ने यह भी बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक राज्य के विभिन्न हिस्सों से तलाशी अभियान के दौरान 103 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गई है।

**********************

पाकुड़ जिले की तीन विधानसभा सीटों के लिए दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होना है। इसे लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज हो गयी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**********************

विधानसभा चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ घटक दलों और भाजपा के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर बिचौलियों और अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। श्री मरांडी ने दावा किया कि इस सरकार से राज्य की जनता तंग आ गयी है और यहां अगली सरकार एनडीए की बनेगी।

**********************

इधर, झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आरोप लगाया है कि राज्य में सत्ता हासिल करने के लिए भाजपा केन्द्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

**********************

निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार को देवघर के एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को हटाने का आदेश दिया है। आयोग ने सरकार को पत्र लिखकर देवघर एसपी के पद पर तैनात करने के लिए तीन आईपीएस अधिकारियों के नाम का पैनल मांगा है। इससे पहले लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान भी श्री डुंगडुंग को देवघर से चुनाव कार्य से हटाया गया था। उनपर एक दल विशेष के पक्ष में काम करने के आरोप में यह कार्रवाई की गयी थी।

**********************

सीबीआई ने रिश्वतकांड में गिरफ्तार झारखंड–बिहार के तत्कालीन प्रधान आयकर आयुक्त संतोष कुमार समेत पांच के खिलाफ पटना स्थित विशेष अदालत में चार्जशीट दायर कर दी है। प्रधान आयकर आयुक्त को 10 लाख रुपये घूस लेते सीबीआई ने इसी वर्ष 26 अगस्त को रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के अंतर्गत सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवरेज का विस्तार किया है। इसके तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का 5 लाख तक का मुफ्त इलाज शुरु हो गया है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य पर राष्ट्र की प्रगति निर्भर है। इसलिए सरकार स्वास्थ्य सेवा के आधार को मजबूत कर रही है।

**********************

साइबर अपराध के विरुद्ध जामताड़ा पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने कर्माटांड़ थाना क्षेत्र से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी विकास आनंद लागुरी ने बताया कि अपराधियों के पास से कई आपत्तिजनक चीजें भी बरामद की गयी हैं। उधर, देवघर जिले से भी पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

**************************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने आइएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे और उनके करीबियों के ठिकानों पर इडी की छापेमारी और राज्य में तेज हुई राजनीतिक हलचल की खबर को प्रमुखता दी है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– आइएएस विनय चौबे और करीबियों के घर छापेमारी।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– चुनाव के पहले चरण में कई विधायकों और मंत्रियों के भाग्य का होगा फैसला।

**दैनिक भास्कर** के शब्द हैं– 14 सीटों पर त्रिकोणीय, 65 पर आमने–सामने की जंग।

**दैनिक जागरण** लिखता है– गोपनीय दस्तावेज चोरी मामले में सरयू राय को राहत।

**रांची एक्सप्रेस** की सुर्खी है– मुख्य सचिव एल. ख्यांगते को मिल सकता है एक्सटेंशन।

अंग्रेजी अखबार **द टाइम्स ऑफ इंडिया** और **हिन्दुस्तान टाइम्स** ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं के उदघाटन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*********समाप्त*********